सतना | बुधवार | 26 नवम्बर 2025 | वर्ष 27 | अंक 084 | पृष्ठ 20 | मूल्य रु. 6.00
navabharat.com twitter.com/Nava_Bharat fb.me/NavaBharat.Social

नव भारत

# भारत समेत संपूर्ण विश्व राममय : मोदी

**अयोध्या, 25 नवम्बर. अयोध्या राम मंदिर में सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने धर्मध्वजा फहराकर इसे भारतीय सभ्यता के पुनर्जागरण का ऐतिहासिक क्षण बताया. इस अवसर पर आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उपस्थित रहे.**

ध्वजारोहण के बाद प्रधानमंत्री ने कहा कि आज संपूर्ण भारत, संपूर्ण विश्व राममय है. सदियों की वेदना को विराम और सदियों के संकल्प को सिद्धि मिली है. 500 वर्षों तक प्रवलित आस्था की अग्नि कभी विश्वास से नहीं डिगी. उन्होंने कहा कि यह धर्मध्वजा केवल प्रतीक नहीं, बल्कि भारतीय आत्मा, त्याग, तप, वीरता और रामराज्य की कृति का ध्वज है.




मोदी ने बताया कि ध्वज के भगवा रंग में तप का संदेश है, सूर्यवंशी चिन्ह अध्यात्म का प्रतीक है, '?' सनातन ज्ञान का स्वर है और कोविदार वृक्ष न्याय व समृद्धि का प्रतिरूप है. उनके अनुसार, यह ध्वज सत्यमेव जयते का आह्वान करते हुए कर्तव्यप्रधान समाज के निर्माण की प्रेरणा देगा.

प्रधानमंत्री ने मैकॉले की शिक्षा-नीति से उपजी मानसिक गुलामी का उल्लेख करते हुए कहा कि अयोध्या में उठता यह ध्वज भारतीय स्वाभिमान की वापसी का उद्घोष है.

उन्होंने कहा कि औपनिवेशिक दौर की विकृत सोच ने देश के सांस्कृतिक आत्मविश्वास को कमजोर किया था, लेकिन आज का क्षण उस पुनर्जागरण का प्रतीक है. मोदी ने कहा कि अयोध्या वह भूमि है जहाँ मूल्य पुरुषार्थ में बदलते हैं. राम जब गए तब युवराज थे, लौटे तो मर्यादा पुरुषोत्तम बने. उन्होंने विकसित भारत के लिए सामूहिक संकल्प और समाज की सहभागिता को आवश्यक बताया.

## सपने, संघर्ष और बलिदान आज हुए सार्थक : मोहन भागवत

राम मंदिर में ध्वजारोहण के ऐतिहासिक अवसर पर आरएसएस सरसंघचालक मोहन भागवत ने कहा कि आज का दिन सदियों से चले आ रहे संघर्ष, संकल्प और बलिदान की सार्थकता का क्षण है. उन्होंने कहा कि जिन संतों और कर्मयोगियों ने राम मंदिर निर्माण का स्वप्न देखा था, उनकी आत्मा आज तृप्त हुई होगी. भागवत ने अशोक सिंघल, संत परमहंस चंद्र दास और डालमिया जी जैसी विभूतियों को स्मरण करते हुए कहा कि मंदिर उनसे भी अधिक भव्य रूप में साकार हुआ है. उन्होंने कहा कि यह केवल एक निर्माण नहीं, बल्कि हिंदू समाज के धैर्य और श्रद्धा की विजय है. राम राज्य के ध्वज पर अंकित रघुकुल का कोविदार वृक्ष उन्होंने त्याग, छाया और लोककल्याण का प्रतीक बताया, जो स्वयं धूप में खड़ा रहकर दूसरों को सुख देता है. सूर्य भगवान का उदाहरण देते हुएउन्होंने कहा कि सत्व की शक्ति ही संकल्प को सिद्धि देती है. हिंदू समाज ने साढ़े पांच सौ वर्षों तक इसी सत्व को धारण किया, जिसके फलस्वरूप आज रामलला भव्य मंदिर में विराजमान हैं. उन्होंने कहा, छाया बाँटने वाले भारत को खड़ा करने का काम शुरू हो गया है. यह विश्व की अपेक्षा है कि भारत सबके लिए सुख और शांति का संदेश दे.ध्वजारोहण के दौरान पूरा परिसर 'जय श्रीराम' के उद्घोष से गुंजायमान हो उठा.




भारत के मिल्कमैन डॉ. वर्गीज़ कुरियन को उनकी 104थी जयंती पर नमन!

# रायसेन एसपी पीएचक्यू अटैच

## दुष्कर्म मामले में सीएम ने की कार्रवाई

**भोपाल, 25 नवम्बर. रायसेन में 6 वर्ष की बच्ची से दुष्कर्म की घटना के विरोध में लगातार तीन दिनों से धरना-प्रदर्शन जारी है. मामला तूल पकड़ता देख मुख्यमंत्री मोहन यादव ने सोमवार देर शाम स्थिति की समीक्षा की और कड़ा रुख अपनाया. मंगलवार रात 8:15 बजे वे पुलिस मुख्यालय पहुंचे, जहाँ सीएस, डीजीपी, एडीजी इंटेलिजेंस, पुलिस कमिश्नर भोपाल सहित वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आपात बैठक की.**

मुख्यमंत्री ने रायसेन में आरोपी की गिरफ्तारी न होने पर गहरी नाराजगी जताई. साथ ही मंडीदीप में चक्काजाम के दौरान पुलिस की ढीली कार्रवाई को लेकर भी असंतोष व्यक्त किया. उन्होंने भोपाल में बढ़ते आपराधिक मामलों पर पुलिस कमिश्नर से जवाब तलब करते हुए सभी



हालिया वारदातों की विस्तृत जानकारी ली. बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने सख्त निर्देश जारी किए. रायसेन के पुलिस अधीक्षक को तत्काल मुख्यालय अटैच करने और मिसरोद थाना प्रभारी को हटाने के आदेश दिए गए. उन्होंने कहा कि पुलिस सड़कों पर सक्रिय रूप से उतरे, गश्त और पेट्रोलिंग बढ़ाई जाए, अपराधियों को किसी भी सूरत में न छोड़ा जाए और ढिलाई कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी. सरकार ने स्पष्ट किया है कि बच्ची को न्याय दिलाने और प्रदेश में कानून-व्यवस्था को मजबूत करने के लिए हर संभव कठोर कार्रवाई की जाएगी.

## एक नजर में

### बिहार हार पर कांग्रेस की दिल्ली में बैठक कल

**नयी दिल्ली.** कांग्रेस को बिहार विधानसभा चुनाव में मिली करारी शिकस्त के बाद पटना से लेकर दिल्ली तक पार्टी में सरगर्मी तेज हो गयी है. इस चुनाव में हार के कारणों की समीक्षा के लिये कांग्रेस आलाकमान ने दिल्ली में बैठक बुलायी है. सूत्रों के अनुसार 27 नवंबर को कांग्रेस मुख्यालय इंदिरा भवन में दोपहर तीन बजे बैठक बुलायी गयी है. इस बैठक में पार्टी के बिहार प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम, प्रभारी कृष्णा अल्लावरु, विधायक दल के पूर्व नेता,राज्य से पार्टी के सांसद, निर्दलीय सांसद पप्पू यादव तथा सभी कांग्रेस प्रत्याशियों को बुलाया गया है.

### कर्नाटक कांग्रेस संकट पर बीजेपी अलर्ट

**कर्नाटक.** कांग्रेस में जारी आंतरिक कलह के बीच भाजपा भी राजनीतिक घटनाक्रम पर नजर बनाए हुए है. इसी बीच भाजपा विधायक और राज्य के पूर्व मंत्री रमेश जिरकिहोली ने अपनी ही पार्टी को सलाह दी है कि कांग्रेस सरकार को अस्थिर करने की कोशिश नहीं करनी चाहिए. उन्होंने कहा कि यह दलदल है, भाजपा को इसमें नहीं उतरना चाहिए. जिरकिहोली ने बताया कि कांग्रेस में पावर शेयरिंग को लेकर भ्रम और खींचतान बढ़ गई है. कुछ नेता मुख्यमंत्री को हटाकर पद हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं.

## गुस्ताखी माफ




# अभिनेता सिद्धांत से 252 करोड़ के मादक पदार्थ मामले में पूछताछ

**मुंबई, 25 नवंबर. मुंबई पुलिस की एंटी-नारकोटिक्स सेल (एएनसी) ने मंगलवार को अभिनेता सिद्धांत कपूर से 252 करोड़ रुपये के मादक पदार्थ मामले में पूछताछ की.**


अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम की बहन हसीना पारकर पर आधारित एक फिल्म में मुख्य भूमिका निभाने वाले सिद्धांत कपूर को तब समन भेजा गया जब कथित मादक पदार्थ आपूर्तिकर्ता मोहम्मद सलीम शेख उर्फ लवीश से पूछताछ के दौरान उनका नाम सामने आया. लवीश को हाल ही में दुबई से भारत प्रत्यर्पित किया गया था. एक अधिकारी ने कहा, हमने सिद्धांत को समन भेजा था, जिसके बाद वह मंगलवार सुबह हमारे सामने पेश हुए. हमने उनसे पूछताछ की और उनका बयान दर्ज किया है.



# गुरु तेग बहादुर जी का त्याग अनुकरणीय

**नयी दिल्ली, 25 नवम्बर. केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सिख धर्म के नौवें गुरु और 'हिंद की चादर' के रूप में विख्यात गुरु तेग बहादुर जी के 350वें बलिदान दिवस पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की. इस अवसर पर शाह ने X प्लेटफॉर्म पर पोस्ट साझा कर गुरु साहिब के अद्वितीय बलिदान, साहस और आध्यात्मिक शक्ति को नमन किया.**

अमित शाह ने लिखा कि गुरु तेग बहादुर का जीवन आध्यात्मिक साधना, सत्संग और धर्म एवं संस्कृति की रक्षा के संकल्प से प्रेरित रहा. वे न केवल आध्यात्मिक मार्गदर्शक थे, बल्कि क्रूर आक्रांताओं के विरुद्ध डटकर खड़े होने वाले अदम्य योद्धा भी थे.



### मोदी ने गुरु तेग बहादुर को किया नमन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को गुरु तेग बहादुर को उनकी शहादत की 350वीं वर्षगांठ पर श्रद्धापूर्वक उन्हें नमन किया.श्री मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, श्री गुरु तेग बहादुर जी की शहादत की 350वीं वर्षगांठ पर हम उनके अद्वितीय साहस और बलिदान को नमन करते हैं.

# ज्वालामुखी की राख से भारत को खतरा नहीं

## उड़ानों पर सतर्क निगरानी—फिलहाल चिंता की बात नहीं : सरकार

**नयी दिल्ली, 25 नवंबर. इथियोपिया में हेली गुब्बी ज्वालामुखी के 10-12 हजार वर्ष बाद फटने के बाद भारत सरकार ने कहा है कि स्थिति पर करीबी नजर रखी जा रही है और इस समय देश में उड़ानों को लेकर किसी बड़ी चिंता की बात नहीं है.**

नागरिक उड्डयन मंत्रालय के अनुसार, ज्वालामुखी की राख पूर्व दिशा की ओर बढ़ रही है और एटीसी, मौसम विभाग तथा अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों के साथ समन्वय लगातार जारी है. एएआई ने पायलटों को आवश्यक नोटिस जारी किया है. मंत्रालय ने बताया कि देश में हवाई परिचालन बाधित नहीं है, हालांकि सुरक्षा की दृष्टि से कुछ उड़ानों के मार्ग बदले गए या रद्द किए गए हैं.



केंद्र सरकार ने मंगलवार को कहा कि वह इथोपिया में हेली गुब्बी ज्वालामुखी के फटने के बाद स्थिति पर लगातार नजर रख रही है और फिलहाल उड़ानों को लेकर चिंता की बात नहीं है. नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में बताया कि ज्वालामुखी से निकले राख के बादल पूर्व दिशा में बढ़ रहे हैं.

# सचिव की अवैध संपत्ति राजसात

**इंदौर, 25 नवम्बर. विशेष न्यायालय इंदौर ने भ्रष्टाचार के एक महत्वपूर्ण प्रकरण में बड़ा निर्णय सुनाते हुए अलीराजपुर जिले की ग्राम पंचायत बड़ीबेकल के सचिव हनीफ खान की अनुपातहीन संपत्ति को राज्य सरकार के पक्ष में राजसात करने के आदेश जारी किए. अदालत ने अपने आदेश में कहा कि भ्रष्टाचार सामाजिक ढांचे को कमजोर करता है और ऐसे मामलों में किसी प्रकार की नरमी उचित नहीं है.**

मामला वर्ष 2014 में दर्ज उस प्रकरण से संबंधित है, जिसमें आरोपी पंचायत सचिव हनीफ खान और उनकी पत्नी शबीना खान के खिलाफ लोकसेवक पद पर रहते हुए आय से अधिक चल-अचल संपत्ति अर्जित करने का आरोप लगा था. आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो ने प्रकरण की जांच के बाद मध्यप्रदेश विशेष न्यायालय अधिनियम 2011 के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए लगभग 91.79 लाख मूल्य की संदिग्ध संपत्ति राजसात करने का प्रस्ताव 20 जून 2022 को विशेष न्यायालय में प्रस्तुत किया था.

लंबी सुनवाई, दस्तावेजी सबूतों और जांच रिपोर्टों के परीक्षण के बाद अदालत ने मंगलवार ▶ शेष पेज 2 पर...

## पाकिस्तान के हमले में 10 अफगानी नागरिक मारे गये

**काबुल.** अफ़गानिस्तान के पूर्वी इलाके में पाकिस्तानी वायु सेना की बमबारी में दस अफगानी नागरिक मारे गये और चार अन्य घायल हो गये. अफ़गान सरकार के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि पाकिस्तान ने सोमवार आधी रात को खोस्त प्रांत के गुरबुज जिलें में बमबारी की . इसमें पांच बच्चों, चार बच्चियों और एक महिला की मौत हो गयी. उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी वायु सेना ने सोमवार रात कुनार और पक्तिका प्रांतों पर भी हवाई हमले किये जिसमें चार नागरिक घायल हो गए.




## याचिका पर सुनवाई

### एसआईआर को चुनौती देने वाली याचिका पर नोटिस जारी किया

# सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से मांगा जवाब

**नयी दिल्ली, 25 नवंबर. उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को एमडीएमके संस्थापक एवं पूर्व राज्यसभा सांसद वाइको के निर्वाचन आयोग के तमिलनाडु में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण की अधिसूचना को चुनौती देने वाली याचिका पर नोटिस जारी किया.**

मुख्य न्यायाधीश सूर्य कांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची की पीठ ने निर्वाचन आयोग से जवाब मांगा और मामले को अगली सुनवाई के लिए दो दिसंबर को सूचीबद्ध कर दिया. श्री वाइको ने दलील दी है कि विशेष गहन पुनरीक्षण की अधिसूचना असंवैधानिक है. उन्होंने आरोप लगाया है कि यह अधिसूचना संविधान के अनुच्छेद 14, 19, 21, 325 और 326 के साथ-साथ लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 और मतदाता पंजीकरण नियम, 1960 के कई प्रावधानों का उल्लंघन करती है. तमिलनाडु में मतदाता सूची संशोधन के काम को द्रमुक, माकपा, अभिनेता विजय की टीवीके, सांसद थोल थिरुमावलवन और राज्य विधायक के. सेल्वपेरुंथगई सहित कई अन्य राजनीतिक दलों और नेताओं ने भी चुनौती दी है. इसके विपरीत, अन्नाद्रमुक इस संशोधन के समर्थन में एक आवेदन दायर किया है.



### केंद्र और राज्यों को नोटिस

उच्चतम न्यायालय ने गलत कारावास पीड़ितों को मुआवजा दिये जाने संबंधी अनुरोध को लेकर दायर एक जनहित याचिका पर केन्द्र और राज्यों को नोटिस जारी किया है. इसमें गलत कारावास के कारण सलाखों के पीछे रहे लोगों को बरी किए जाने के बाद उनके लिए मुआवज़े और पुनर्वास की एक व्यापक राष्ट्रीय रूपरेखा बनाने की मांग की गयी है जवाहरलाल शर्मा की ओर से दायर इस याचिका में एक विशेषज्ञ समिति के गठन की मांग की गयी है. ▶ शेष पेज 2 पर...